प्रांतीय पटवारी संघ तहसील ईकाई भीकनगांव जिला–खरगोन

दिनांक 10/10/2024

प्रति,

श्रीमान तहसीलदार महोदय
तहसील कार्यालय भीकनगांव

विषय:- फार्मर रजिस्ट्री के दौरान सर्वर एव तकनिकी समस्याओ के संबंध में निराकरण हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषय मे निवेदन है कि शासन के निर्देशानुसार समस्त कृषको के फार्मर रजिस्ट्री कार्य किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है जिसकी समीक्षा प्रतिदिन गूगल शीट के माध्यम से की जा रही है तथा उक्त कार्य का क्रियान्वयन ग्राम स्तर पर युद्ध स्तर पर सर्वेयर ,पटवारी एव csc सेंटर द्वारा किया जा रहा है किंतु निम्न तकनीकी एरर एव समस्याओं के कारण फार्मर रजिस्ट्री कार्य मे समस्याये आ रही है जिससे अपेक्षा अनुरूप प्रगति नही हो पा रही है एव अन्य शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे है।

1) फार्मर रजिस्ट्री के दौरान लॉगिन एव कैप्चा कोड का कई बार प्रदर्शित नही होने से कई बार लगातार प्रयास करने पर भी लॉगिन नही हो पाते।

2) संबंधित कृषक का आधार otp प्राप्त नही होने संबंधित समस्या एव सर्वेयर्स लॉगिन पर फेस मैचिंग नही होने संबंधित एरर बार बार प्रदर्शित होंना।

3) फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान फार्मर detail प्रकिया सत्यापन के दौरान cast catagiry में gender का कई बार प्रदशित नही होना एव बार बार cannot go to next as Farmer name lies in lowest Name match score संबंधित एरर का प्रदर्शित होना ।

4) आधार कार्ड एव लैंड रेकॉर्ड में समान नाम होने पर भी 0% मैचिंग संबंधित एरर एव Name Match Score:502 Bad gateway संबंधित error का बार बार प्रदर्शित होना ।

5) e hastakshar एव आधार सत्यापन प्रक्रिया के दौरान निम्न प्रकार से warning message cannot create farmer as it lies in lowest name match score का प्रदर्शित होना एव पटवारी id पर सही otp दर्ज कर submit पश्चात भी error प्रदर्शित होना एव बार बार प्रयास पश्चात भी e hastakshar प्रक्रिया का पूर्ण नही होना इसी प्रकार सर्वेयर id पर संबंधित कृषक का face सत्यापन पश्चात भी एरर प्रदर्शित होने ।

6) csc एव पटवारी id पर बायोमेट्रिक ऑप्शन का कार्य नही करना ।

7) वेबसाइट का अत्यधिक धीमी गति से कार्य करना जिससेकि एक किसान की फार्मर रजिस्ट्री करने में आधे से एक घण्टे तक का समय सर्वर लोड होने से लग जाता है ।

D. Kgo
10.10.2024

8) प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक का unique मोबाइल नंबर होने संबंधित निर्देश प्राप्त हुए है जिससे प्रत्येक कृषक का uniqe नंबर दर्ज करना होता है जिससे उक्त प्रक्रिया में काफी समय लगता है एव कई कृषको के uniqe नम्बर नही है और कई कृषको के पुराने नंबर बंद हो चुके है जिससे otp सत्यापन में काफी समस्या उतपन्न होती है।

9) अधिकांश कृषको के पास uniqe मोबाइल नंबर नही है और आधार भी मोबाईल नम्बर से लिंक नही है तथा पुराने लिंक नंबर बंद हो चुके है तथा पटवारी एव csc लॉगिन पर भी face रेकॉग्निजेशन aadhar face rd सत्यापन ऑप्शन को जोड़ा जाना चाहिये।

10) फार्मर रजिस्ट्री कार्य के दौरान संबंधित कृषक की अन्य ग्राम की कृषि भूमि उक्त कार्य मे प्रदर्शित नही होती है।

11) pm kyc ,समग्र kyc, npci , एव विभिन्न kyc के होने से कृषको द्वारा एक ही प्रकार की kyc किये जाने हेतु मांग की गई है जिसपर विचार किया जाने हेतु अनुरोध है।

तथा उक्त प्रकार की तकनीकी समस्याओं एव एरर के समय सीमा में समाधान नही होने से अन्य शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे है एव कृषको को इकट्ठे होकर लम्बे इंतजार पर कार्य नही होने से वापस जाना पड़ता है तथा अनुरोध है उक्त समस्याओं को शासन स्तर पर भेज कर निराकरण किया जाये एव जिला स्तर पर तकनीकी टीम द्वारा बताई गई समस्यों का समय पर समाधान किया जाये एव उनके द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में प्रति उत्तर दिया जाये ताकि जमीनी स्तर पर कृषको को अवगत कराया जा सके।

प्रतिलिपि -

1 श्रीमान कलेक्टर महोदय भू- अभिलेख खरगोन की ओर सूचनार्थ।

2 श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा) भीकनगांव की ओर सूचनार्थ।

तहसील अध्यक्ष भीकनगांव
प्रांतीय पटवारी संघ जिला खरगोन